दिनांक: 23.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज जयपुर में सैनिक स्कूल का करेंगे औपचारिक उद्घाटन।
- राज्य सरकार ने 22 आईएएस और 58 आईपीएस अधिकारियों के किये तबादले।
- दसवां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत सम्मेलन आज से नई दिल्ली में–विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी करेंगे शिरकत।
- 45वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय महिला और पुरूष टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास।

000

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज जयपुर में सैनिक स्कूल का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। यह गैर–सरकारी संगठनों, राज्य सरकारों और निजी स्कूलों के साथ साझेदारी में देशभर में 100 नए सैनिक स्कूल खोलने के सरकार के विजन का हिस्सा है। ये नए स्कूल पहले से ही चल रहे 33 सैनिक स्कूलों के अलावा होंगे।

रक्षा मंत्रालय ने साझेदारी मोड के तहत 45 नए सैनिक स्कूलों को मंजूरी दी है। ये नए स्कूल, संबंधित शिक्षा बोर्डों से संबद्ध होने के अलावा, सैनिक स्कूल सोसाइटी के अधीन काम करेंगे और नियमों और विनियमों का पालन करेंगे। अपने नियमित संबद्ध बोर्ड पाठ्यक्रम के अलावा, वे सैनिक स्कूल पैटर्न के छात्रों को अकादमिक प्लस पाठ्यक्रम की शिक्षा प्रदान करेंगे।

पिछले साल सितम्बर में, सैनिक स्कूल सोसायटी ने जयपुर में श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल में नए सैनिक स्कूल की स्थापना के लिए श्री भवानी निकेतन शिक्षा समिति के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए थे। स्कूल ने वर्तमान शैक्षणिक वर्ष में काम करना शुरू कर दिया है। आज होने वाले कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ भी मौजूद रहेंगे।

000

केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कल भरतपुर का दौरा किया। उन्होंने वहां कौशल संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भरतपुर को कौशल जिला बनाने के उद्देश्य से 18 और 19 नवम्बर को कौशल मेला लगाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अब तक 9 लाख युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और तीस लाख युवाओ को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। इस दौरान मंत्री ने कौशल रथ को झंडी दिखाकर रवाना भी किया। यह कौशल रथ भरतपुर के विभिन्न शैक्षिक संस्थानों में पहुंचेगा। रथ में लगे हुए 18 कंप्यूटर्स के माध्यम से प्रशिक्षक, विद्यार्थियों को कौशल उन्नयन, प्रशिक्षण और रोजगार परक जानकारी देंगे।

उधर, केंद्रीय राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी कल भीलवाड़ा जिले के प्रवास पर रहे। श्री चौधरी ने भाजपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए काफी नवाचार कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से योजनाओं का लाभ ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने को कहा।

000

कोटा मंडल में कोटा से सवाईमाधोपुर के बीच का रेलवे ट्रैक अब सुरक्षा प्रणाली कवच 4.0 से लैस पहला ट्रैक बन गया है। रेलवे ने यहां स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच का अत्याधुनिक वर्जन स्थापित किया है। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि इसका ट्रायल लेने कल रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आएंगे। रेल मंत्री सवाईमाधोपुर से बूंदी के सुमेरगंजमंडी तक ट्रेन के लोको में सफर कर सुरक्षा प्रणाली को जांचेंगे।

000

राज्य सरकार ने प्रदेश में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 22 और भारतीय पुलिस सेवा के 58 अधिकारियों के तबादले किये हैं। वहीं 12 अधिकारियों को अतिरिक्त

कार्यभार सौंपा गया है। इनमें आठ आईएएस और चार आईपीएस शामिल हैं। आईएएस की तबादला सूची में तीन संभागीय आयुक्त और छह जिलों के कलेक्टर बदले गए हैं। भवानी सिंह देथा को आयुर्वेद और भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग का प्रमुख शासन सचिव बनाया गया है। अम्बरीश कुमार को चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासन सचिव पद की जिम्मेदारी दी गई है। डॉ. प्रतिभा सिंह को जोधपुर का संभागीय आयुक्त बनाया गया है। आईपीएस सूची में गोविंद गुप्ता को महानिदेशक, जेल का कार्यभार सौंपा गया है। अनिल पालीवाल तकनीकी सेवाएं और यातायात विभाग के अतिरिक्त महानिदेशक पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। आनंद शर्मा को जयपुर ग्रामीण का पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है।

000

दसवां राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत सम्मेलन आज से नई दिल्ली में आयोजित किया जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। दो दिन के इस सम्मेलन में देश के विभिन्न राज्यों के विधानसभा अध्यक्ष और सचिव शामिल होंगे। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी भी इसमें शिरकत करेंगे। सम्मेलन से पहले सीपीए भारत क्षेत्र कार्यकारी समिति की बैठक होगी। सम्मेलन का विषय सतत और समावेशी विकास में विधायी समितियों की भूमिका रखा गया है।

000

संयुक्त राज्य प्रतिनिधि और नेशनल कैडेट कोर उप महानिदेशक सम्मेलन आज नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में एनसीसी के विस्तार पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में शामिल प्रतिनिधि संबंधित नीतियों, वित्तीय आवश्यकताओं तथा नए प्रशिक्षण और शिविर स्थल स्थापित करने पर भी चर्चा करेंगे। यह सम्मेलन देशभर में कैडेटों का भविष्य बेहतर बनाने और केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच समन्वय की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस द्विवार्षिक आयोजन में उपमुख्यमंत्री और उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा भी भाग लेंगे।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं नागरिक केंद्रित शासन बनाने की दिशा में सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में।

.............

000

45वें शतरंज ओलंपियाड में भारतीय महिला और पुरूष टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय रही। पुरूष टीम ने 11वीं और आखिरी बाज़ी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्लोवेनिया को शिकस्त दी। वहीं महिला वर्ग में भारत ने आखिरी मैच में अजरबैजान को मात देकर खिताब अपने नाम किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस ऐतिहासिक जीत पर भारतीय दल को बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि इन सफलताओं से देश के खेल इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई है। उन्होंने आशा व्यक्त की, कि इस सफलता से आने वाली पीढ़ियों को शतरंज के क्षेत्र में और बेहतर करने की प्रेरणा मिलेगी।

000